अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अन्वेषण 2025 सम्मेलन में पंतनगर विश्वविद्यालय विद्यार्थियों परचम लहराया

पंतनगर। 27 फरवरी 2025। विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ‘अन्वेषण 2025’ में सहभागिता की। अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने से पूर्व छात्राओं ने महाविद्यालय स्तर एवं जोनल स्तर की चयन प्रक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस सम्मेलन में छात्राओं ने ”एशेज टू ऐड – पराली से सेनेटरी पैड निर्माण” विषय पर आधारित अपना नवाचारी शोध प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य फसल अवशेष (पराली) का उपयोग सेनेटरी पैड निर्माण में कच्चे माल के रूप में कर पर्यावरण संरक्षण एवं अपशिष्ट प्रबंधन की समस्या का स्थायी समाधान प्रस्तुत करना था। अपने प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण, तार्किक विश्लेषण एवं सामाजिक रूप से प्रासंगिक अवधारणा के माध्यम से छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अलका गोयल, जोनल समन्वयक डा. दीपा विनय एवं जोनल सह–समन्वयक डा. आर. एस. जादौन ने छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके नवाचारी चिंतन एवं समर्पण की सराहना की। साथ ही उन्होंने छात्राओं की मार्गदर्शक डा. मनीषा रानी के सतत सहयोग, प्रेरणा एवं मार्गदर्शन को इस सफलता की मजबूत नींव बताया।